आर.एन.आई.नं. 38437/83 डाक पंजीयन क्रमांक MP/IDC/ 327/2015-17

चिकित्सा जगत का सजग, निष्पक्ष, निर्भिक एकमात्र साप्ता. समाचार पत्र

वर्ल्ड समाचार

E-Mail - worldsamachar1@gmail.com

website - www.worldsamachar.org

प्र. संपादक डॉ. महेश गुप्ता | सह संपादक श्रीमती शीतल गुप्ता | प्रबंध संपादक श्रीमती राजकुमारी गुप्ता

31, अग्रसेन नगर, इन्दौर 2419523 मो. 94250-60451

वर्ष 32 अंक 17 (इन्दौर) ता. 31-5-2015 से 6-6-2015 तक (रविवार) पेज 8 मूल्य 2 रु.

अग्रवाल समाज प्रतिनिधि सभा एवं वर्ल्ड समाचार के संयुक्त तत्वाधान में हाई प्रोफाइल अग्रवाल युवक-युवती परिचय सम्मेलन का आयोजन इंदौर में 6 सितंबर 2015 रविवार को होटल में किया जा रहा है। इस सम्मेलन में सिर्फ निम्न श्रेणी के युवक-युवती ही फार्म भर सकते है जिनके पास सी.ए., सी.एस., एमबीए, एमएससी, डॉक्टर, इंजीनियर, एम.डी. या इनके समकक्ष कोई डिग्री प्राप्त हो ये युवक युवती फार्म भर सकते है।

worldsamachar.org पर ही आनलाइन फार्म स्वीकार किये जाएंगे

एंटीएजिंग पर सयाजी होटल में सेमिनार संपन्न

बालीवुड प्रसिद्ध डॉ. दीपक चतुर्वेदी ने व्याख्यान दिया

इंदौर। एंटीएजिंग आज बहुत ही चर्चा का विषय बना हुआ है देश विदेश में प्रसिद्ध अनुसंधान केंद्र में एंटीएजिंग पर अध्ययन किया जा रहा है। आज की अर्थ व्यवस्था के साथ अगर इंसान को कदम से कदम मिलाकर आगे बढ़ते रहना है तो उसके लिए हमारा स्वस्थ रहना बहुत ही महत्वपूर्ण है और आज कौन नहीं चाहता कि इस प्रकार से स्वस्थ रहते हुए हम अपने जिंदगी के अंतिम क्षण तक किसी के ऊपर बोझ बने बिना काम करते रहें। जिस प्रकार हम अपने शरीर की गुणवत्ता को जिंदगी के अंतिम क्षण तक बनाए रख सकते है। इसी विषय पर प्रकाश डालने के लिए इंदौर के सयाजी होटल में पहला एंटीएजिंग सेमिनार आयोजित हुआ जहां पर प्रसिद्ध हारमोन एंड एंटी एजिंग विशेषज्ञ डॉ. दीपक चतुर्वेदी ने अपना अनुभव बताते हुए हमारे डॉक्टरों को एंटी एजिंग पर अध्ययन करने के लिए प्रेरित किया।

डॉ. चतुर्वेदी अमाया एंटीएजिंग क्लिनिक मुंबई में प्रेक्टिस करते हुए एंटीएजिंग और हार्मोन विषय पर अध्ययन अतुलनीय है। डॉ. दीपक चतुर्वेदी ने इस विषय को और आगे ले जाने के लिए भारत में सबसे पहली एंटीएजिंग सोसाइटी की नींव रखी। जिसका नाम एंटीएजिंग मेडिकस एंड रिर्सच है इंदौर में डॉ. एस.जेड. जाफरी ने एंटीएजिंग के विषय में रुचि दिखाते हुए इस सेमिनार के आयोजन में बढ़ चढ़ कर योगदान दिया और एंटीएजिंग मेडिसिन को इंदौर में भी शुरु किया। एंटीएजिंग मेडिसिन एंड रिसर्च डॉक्टरों को इसमे ट्रेनिंग देने के लिए मुंबई में सेमिनार, कान्फ्रेंस और कोर्स प्रोग्राम भी आयोजित करती है। अधिक जानकारी के लिए आप इनकी वेबसाइट

www.antiaginindia.com पर सर्च कर सकते है। इस प्रकार का एक सेमिनार बंबई में 19, 20, 21 जून को आईएमए जुहू मुंबई में आयोजित किया जा रहा है। इसके रजि. हेतु 09769912270 पर संपर्क किया जा सकता है। इस सेमिनार में ओबिसीटी, मेटाबोलिक संड्रोम कोर्स के साथ एससीजी डाइट एंड जेरेना वर्कशाप का आयोजन किया गया है।